# मोहन तेरा नाम मैं रटता सुबह शाम मैं लिरिक्स

मोहन तेरा नाम मैं,
रटता सुबह शाम मैं,
नाम तेरा लेकर शुरू,
करता हर काम मैं,
तेरी बंदगी मेरी ज़िन्दगी,
आगाज़ तुम्ही अंजाम मेरा,
मेरी आसो में मेरी साँसों में,
मुरली वाले बस नाम तेरा।bd।

---

माथे लगाई मैंने,
चरणों की धुल है,
काँटों को चुनकर तुमने,
दिए मुझे फूल है,
मोहन तेरा नाम मै,
रटता सुबह शाम मैं,
नाम तेरा लेकर शुरू,
करता हर काम मैं।bd।

---

राहें आसान हुई,
मंज़िल भी पास है,
खुशियां ही खुशियां अब तो,
मन ना उदास है,
मोहन तेरा नाम मै,
रटता सुबह शाम मैं,
नाम तेरा लेकर शुरू,
करता हर काम मैं।bd।

---

जीवन में मेरे अब तो,
कष्ट ना कलेश है,
तेरे सहारे अब तो,
'फौजी सुरेश' है,
मोहन तेरा नाम मै,
रटता सुबह शाम मैं,
नाम तेरा लेकर शुरू,
करता हर काम मैं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मोहन तेरा नाम मैं,
रटता सुबह शाम मैं,
नाम तेरा लेकर शुरू,
करता हर काम मैं,
तेरी बंदगी मेरी ज़िन्दगी,
आगाज़ तुम्ही अंजाम मेरा,
मेरी आसो में मेरी साँसों में,
मुरली वाले बस नाम तेरा।bd।

**Singer – Pramod Tripathi**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com